# रक्षा औद्योगिक गलियारे के लिए 2015 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण

**अब तक 5,800 किसानों से क्रय की गई भूमि, 2,300 से ज्यादा किए गए बैनामे, 220 हेक्टेयर से अधिक भूमि का पुनर्ग्रहण किया**

**राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ:** रक्षा औद्योगिक गलियारे (यूपीडीआइसी) के लिए अभी तक 2015 हेक्टेयर भूमि का क्रय और अधिग्रहण का कार्य पूरा किया जा चुका है। इस परियोजना के तहत सरकार ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को नवंबर तक 2,097 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण का लक्ष्य दिया है।

5,800 किसानों को उनकी भूमि के लिए मुआवजा दिया गया है, जिसमें झांसी में सर्वाधिक 2,037 किसानों को लाभ मिला है। परियोजना के तहत 1,794 हेक्टेयर से अधिक भूमि का क्रय किया गया है, जबकि 220 हेक्टेयर से अधिक भूमि का पुनर्ग्रहण, अंतरण और विनिमय किया गया है।

इस भूमि पर लखनऊ, कानपुर, झांसी, अलीगढ़, चित्रकूट और आगरा में रक्षा औद्योगिक गलियारा विकसित किया जा रहा है। यहां पर रक्षा उत्पादों से जुड़ी कंपनियां अपनी इकाइयों की स्थापना कर रही हैं। यूपीडा के अनुसार, झांसी नोड में सर्वाधिक 1,087 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत की गई है, जबकि चित्रकूट में दो चरणों में 274 हेक्टेयर, कानपुर नगर में 222 हेक्टेयर, लखनऊ में 160 हेक्टेयर, अलीगढ़ में दो चरणो में 158 हेक्टेयर और आगरा में 112 हेक्टेयर भूमि का क्रय और अधिग्रहण हो चुका है।

